भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

निगमित संचार निदेशालय

चेन्नई हवाई अड्डे द्वारा कठिन समय में आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति मुहैया कराना |

नई दिल्ली, 17 मई, 2021: जब हमारा देश कोविड-19 महामारी से लड़ रहा है, उस समय भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का चेन्नई हवाई अड्डा संपूर्ण दक्षिण भारत क्षेत्र के लिए आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति सुनिश्चित करके एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

चेन्नई हवाई अड्डे ने 12 जनवरी, 2021 से 15 मई, 2021 के बीच चेन्नई में आने वाली 44.26 मीट्रिक टन वैक्सीन और संबंधित कार्गो को अपने स्तर पर संभाला। टनों के हिसाब से थोक में प्राप्त हुई वैक्सीन में पुणे/मुंबई हवाई अड्डों से प्राप्त कोविशील्ड और हैदराबाद हवाई अड्डे से प्राप्त कोवैक्सिन की शिपमेंट सम्मिलित थीं। एएआईक्लास (एएआईकार्गोलॉजिस्टिक्स एंड एलाइडसर्विसेज कंपनी लिमिटेड) और एएआई टीम द्वारा विशेष वैक्सीन कॉरिडोर का निर्माण किया गया ताकि वैक्सीन के आगमन पर कंसाइनी को टीकों की सुचारू डिलीवरी सुनिश्चित की जा सके। तत्पश्चात वैक्सीन को आस-पास के राज्यों और जिलों में भेजा गया। दिनांक 1 मई से 15 मई, 2021 के बीच चेन्नई हवाई अड्डे को 9.53 मीट्रिक टन ऑक्सीजन कन्संट्रेटर की शिपमेंट प्राप्त हुई है।

अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर, चेन्नई हवाई अड्डे में 15 मई, 2021 तक 402.39 मीट्रिक टन आवश्यक चिकित्सा सामग्री प्राप्त की गई। हांगकांग, शेन्ज़ेन, सिंगापुर, दोहा, कुनमिंग, इस्तांबुल, बैंकॉक, कुआलालंपुर और फ्रांस आदि स्थानों से अधिकांश खेप ऑक्सीजन कन्संट्रेटर और चिकित्सा उपकरणों की प्राप्त हुई।

चेन्नई हवाई अड्डा भारतीय वायु सेना (IAF) के विमानों की आवाजाही के लिए भी यथासंभव सहायता प्रदान कर रहा है जो देश भर में मेडिकल ऑक्सीजन सिलेंडर और आवश्यक सामान का तेजी से वितरण कर रहे हैं । भारतीय वायु सेना 01 मई, 2021 से यूके से 900 ऑक्सीजन सिलेंडर और सिंगापुर से 256 ऑक्सीजन सिलेंडर ला चुकी है। घरेलू स्थानों से आक्सीजन कन्संट्रेटर भी लाए गए हैं। पिछले हफ्ते भी भारतीय वायु सेना के एक विमान ने चेन्नई हवाई अड्डे से तरल ऑक्सीजन टैंकर को एयरलिफ्ट किया। इन सभी गतिविधियों में कोविड प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन किया गया।

चेन्नई हवाई अड्डे पर, भाविप्रा कर्मियों और अन्य हितधारकों के लिए कोविड टीकाकरण शिविर का भी आयोजन किया गया है और लगभग 2000 फ्रंटलाइन कर्मियों को टीका लगाया गया है।

मार्च, 2020 में, जब कोविड-19 की पहली लहर के कारण राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन घोषित किया गया था तब भी चेन्नई हवाई अड्डे से पूरे क्षेत्र के लिए माल की आवाजाही निर्बाध रूप से जारी रही थी। एक वर्ष बाद जब हमारा देश दूसरी लहर के कारण अनिश्चित दौर से गुजर रहा है, चेन्नई हवाई अड्डा कोविड -19 के खिलाफ भारत की इस लड़ाई में निरंतर आगे बढ़कर सहयोग कर रहा है।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी

अधिक जानकारी के लिए कृपया
महाप्रबंधक (निगमित संचार) से संपर्क करें 011- 24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या. 06/2021-22

Airports Authority of India

Corporate Communications Directorate

Chennai Airport: Facilitating essential medical supplies amid tough times

New Delhi, 17thMay2021: Airports Authority of India`s Chennai airport is playing a significant role for the whole southern Indian landscape ensuring that the essential medical supplies are up while our country is fighting the Covid -19 pandemic.

From 12th January 2021 to till 15thMay 2021, Chennai airport has handled 44.26 MT of in-bound vaccine and related cargo domestically. The bulk of the vaccine tonnage received were Covishield vaccine shipments through Pune/Mumbai Airports and Covaxin vaccine shipment through Hyderabad Airport.An exclusive vaccine corridor was established by AAICLAS (AAI Cargo Logistics and Allied Services Company Limited) and AAI team for smooth delivery of vaccines to the consignee on arrival. The vaccines then get further connected to nearby states and districts. From 1st May to 15th May, 201, Chennai Airport has receivedOxygen concentrator shipments to the tune of 9.53 MT.

On the international front, Chennai Airport has received 402.39 MT of inbound medical essentials till 15th May 2021. Most of the consignment can be attributed to oxygen concentrators and medical equipment's received from destinations viz; Hong Kong, Shenzhen, Singapore, Doha, Kunming, Istanbul, Bangkok, Kuala Lumpur and France.

The airport is also extending all possible support to Indian Air Force (IAF) aircraft movements carrying medical oxygen cylinders and essentials for speedy distribution across the country. Since 01st May 2021 IAF brought 900 oxygen cylinders from the UK and 256 oxygen cylinders from Singapore.Oxygen concentrators are also brought in from domestic destinations. Last week also saw an IAF aircraft airlifting liquid oxygen tanker from Chennai Airport. All these movements adhered to the Covid protocols in place.

Chennai Airport has also organised Covid vaccination camp for employees of AAI and other stakeholders and approximately 2000 frontline workers have been vaccinated.

In March 2020, when the first nationwide lockdown was declared due to the Covid- 19 first wave, the cargo movement at Chennai Airport continued undeterred catering to the entire region. A year later, when our country is passing through another precarious phase, the second wave, Chennai Airport is stepping up to support India's fight against COVID 19.

Issued by Corporate Communications Directorate
For details please contact GM (CC) 011- 24622787
Press Release No. 06/2021-22